3

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सोहनलाल बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 368/2022	
02-01-2023	अपीलार्थी सोहनलाल पंवार पता, गांव धींगाणा पोस्ट गुड़ा विश्नोईयान तहसील लूणी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 23.09.2022 में (1) दिनांक 07.08.2002 को जिला कलक्टर को मुझ नागरिक द्वारा प्रेषित पत्र पर कार्यालय से दिन प्रतिदिन हुई कार्यवाही से अवगत कराने व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए ,लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 2147 दिनांक 15.11.2022 तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्राथना पत्र के सन्दर्भ में प्रभारी अधिकारी, राजस्थान सम्पर्क शाखा, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 1879 दिनांक 27.10.22 द्वारा कुल 04 पृष्ठों की सूचना निःशुल्क प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी को द्वारा चाही गई सूचना प्रेषित की जा चुकी है अतः इनके कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से यह अपील निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	